Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Need to implement the Urban Development Schemes in Counter Magnet Cities of NCR on priority basis.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : महोदय, केन्द्र सरकार ने काफी समय पहले राट्रीय राजधानी क्षेत्र में पड़ने वाले में 200-250 किलोमीटर दूरी तक के शहरों को काउण्टर मैगनेट सिटीज के रूप में विकसित करने का फैसला लिया था। इसमें मेरे निर्वाचन क्षेत्र बरेली का भी नाम शामिल था। लेकिन 15-20 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक इस प्रकार की सुविधाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के काम वहां नहीं हो पाए हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय शहरी विकास मंत्री जी से यह आग्रह करूंगा कि इस ओर ध्यान दें और कैसे इन काउण्टर मैगनेट सिटीज, जिनके बारे में यह विचार था कि दिल्ली के दबाव को कम किया जाए और दिल्ली में जो केन्द्रीय कार्यालय इत्यादि हैं, उनके ऊपर जो भार बढ़ रहा है, उसे कम करने के लिए इन काउण्टर मैगनेट सिटीज को सही ढंग से विकसित करके, इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाया जाए। परन्तु यह दुर्भागय की बात है कि इसको पूरी तरह से क्रियान्वित नहीं किया गया है। इसके कारण बरेली में जो महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जो कार्य लम्बित चल रहे हैं, वे अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस ओर ध्यान दें और आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के लिए काम करें।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री शैलेन्द्र कुमार जी, आप अपनी बात कहिए।